भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 16**
उत्तर देने की तारीख 01.12.2025

**राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन**

**16. श्री राजाभाऊ पराग प्रकाश वाजे :**
**श्री राजेशभाई नारणभाई चुडासमा :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा महाराष्ट्र विशेष रूप से नासिक जिले में आधुनिक पुस्तकालय सुविधाओं तक पहुंच बढ़ाने और पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे विशिष्ट कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के तहत महाराष्ट्र में स्थापित या स्थापित किए जाने वाले केंद्रीय पुस्तकालयों, जिला पुस्तकालयों और ग्रामीण पुस्तकालयों की संख्या कितनी है और नासिक शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से बनाई गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में राज्य, केंद्रीय और जिला पुस्तकालय के लिए इनके विकास, उन्नयन और डिजिटलीकरण के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन और अन्य संबंधित योजनाओं के तहत सरकार द्वारा जारी/जारी की जाने वाली कुल वित्तीय सहायता का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और नासिक जिले में पुस्तकालय बुनियादी ढांचे, पुस्तकों, डिजिटल संसाधनों और प्रशिक्षण के लिए प्रदान की गई या स्वीकृत निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का नासिक के जनजातीय या दूरदराज क्षेत्रों में सामुदायिक पुस्तकालयों को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार की देश भर में पुस्तकालयों का डिजिटलीकरण करने की कोई योजना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 की सातवीं अनुसूची के अनुसार पुस्तकालय राज्य सूची के अंतर्गत आते हैं और सार्वजनिक पुस्तकालय संबंधित राज्य या संघ राज्य क्षेत्र प्राधिकरण के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करते हैं।

संस्कृति मंत्रालय, राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) स्कीम कार्यान्वित करता है, जिसके तहत "एनएमएल मॉडल पुस्तकालय के अंतर्गत मौजूदा पुस्तकालयों का स्तरोन्नयन" घटक के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंत्रालय द्वारा पहचान किए गए छह पुस्तकालयों के अतिरिक्त, संबंधित राज्य प्राधिकरणों की अनुशंसा के आधार पर और राज्य निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में एक राज्य केंद्रीय पुस्तकालय और एक जिला पुस्तकालय को सहायता प्रदान की जाती है। यह घटक चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है: अवसंरचना में सुधार, प्रौद्योगिकी का स्तरोन्नयन और सेवाओं का आधुनिकीकरण, दिव्यांगजन के लिए सुविधाओं का सृजन, समर्थन और आउटरीच कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पठन संसाधनों का प्रापण।

महाराष्ट्र सरकार को राजकीय जिला पुस्तकालय, नंदुरबार और राजकीय प्रभागीय पुस्तकालय, औरंगाबाद के स्तनोन्नयन के लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार वित्तीय सहायता संस्वीकृत की गई थी:

(राशि लाख रुपए में)

| पुस्तकालय का नाम | संस्वीकृत राशि | जारी की गई राशि |
|---|---|---|
| जिला पुस्तकालय, नंदुरबार | 21.90 | 18.43 |
| राजकीय प्रभागीय पुस्तकालय, औरंगाबाद | 60.55 | 57.21 |

विगत पांच वर्षों में राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन स्कीम के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी की गई कुल वित्तीय सहायता का ब्यौरा **अनुलग्नक-क** पर दिया गया है।

(घ): जी, नहीं।

(ड.) और (च): राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (आरआरआरएलएफ), कोलकाता संस्कृति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन एक स्वायत्त निकाय है जिसकी अनुमोदित समतुल्य स्कीम है 'कॉपीराइट मुक्त पांडुलिपियों, दुर्लभ पुस्तकों, दुर्लभ दस्तावेजों, पुराने जर्नलों, इतिहास के अभिलेखों और अन्य सामग्रियों के डिजिटलीकरण में सहायता' जिसका उद्देश्य देशभर के सार्वजनिक पुस्तकालयों में 'कॉपीराइट मुक्त पांडुलिपियों, दुर्लभ पुस्तकों, दुर्लभ दस्तावेजों, पुराने जर्नलों, इतिहास के अभिलेखों और अन्य सामग्रियों को डिजिटलीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। आरआरआरएलएफ संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से आवेदन प्राप्त होने के पश्चात वित्तीय सहायता जारी करता है।

**अनुलग्नक-क**

**'राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन' के संबंध में दिनांक 01 दिसम्बर 2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 16 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र. सं. | राज्य | पुस्तकालय का नाम | संस्वीकृत राशि (लाख रु. में) | संस्वीकृति वर्ष | विगत 5 वर्षों में जारी की गई राशि (लाख रुपए में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, ईटानगर | 223.00 | 2014-15 | 53.63 | - | - | - | - |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | जिला पुस्तकालय, पासीघाट | 87.00 | 2014-15 | - | 18.58 | - | - | - |
| 3 | मिजोरम | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, आइज़ोल | 141.24 | 2014-15 | 12.54 | - | - | - | - |
| 4 | कर्नाटक | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, बैंगलोर | 223.00 | 2014-15 | - | - | 40.71 | - | - |
| 5 | तेलंगाना | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, हैदराबाद | 112.25 | 2014-15 | 4.56 | **8.13** | 9.69 | - | - |
| 6 | त्रिपुरा | बीरचंद्र राज्य केंद्रीय पुस्तकालय | 223.00 | 2014-15 | 91.67 | 21.23 | 5.89 | - | - |
| 7 | त्रिपुरा | उनाकोटि जिला पुस्तकालय | 87.00 | 2014-15 | 28.68 | 12.51 | 1.34 | - | - |
| 8 | छतीसगढ़ | जिला पुस्तकालय, रायगढ़ | 87.00 | 2014-15 | 13.64 | - | 14.05 | 37.00 | - |
| 9 | गोवा | कृष्णदास शामा राज्य केंद्रीय पुस्तकालय | 223.00 | 2014-15 | - | 8.05 | - | - | - |
| 10 | केरल | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, तिरुवनंतपुरम | 116.61 | 2015-16 | - | - | 41.70 | - | - |
| 11 | मध्य प्रदेश | राजकीय. जिला पुस्तकालय, खंडवा | 73.20 | 2016-17 | - | 9.69 | - | - | - |
| 12 | **महाराष्ट्र** | **जिला पुस्तकालय नंदुरबार** | **21.90** | 2016-17 | **2.68** | - | - | - | - |
| 13 | राजस्थान | राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय, कोटा | 63.46 | 2016-17 | 4.34 | - | - | - | - |
| 14 | पुदुचेरी | रोमां रोलां लाइब्रेरी, राज्य केन्द्रीय लाइब्रेरी | 166.47 | 2016-17 | 12.19 | - | - | - | - |
| 15 | पुदुचेरी | डॉ. एसआर रंगनाथन राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय, कराईकल | 76.04 | 2016-17 | 9.97 | 10.05 | - | - | - |
| 16 | तमिलनाडु | जिला पुस्तकालय, वेल्लोर | 87.00 | 2016-17 | 5.46 | - | - | - | - |
| 17 | गुजरात | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, गांधीनगर | 104.04 | 2017-18 | 91.73 | - | - | - | - |
| 18 | **महाराष्ट्र** | **राजकीय प्रभागीय पुस्तकालय, औरंगाबाद** | **60.55** | 2017-18 | **17.35** | - | - | - | - |
| 19 | मध्य प्रदेश | राजकीय श्री अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय, इंदौर | 87.00 | 2017-18 | 27.17 | - | - | - | - |
| 20 | बिहार | जिला केंद्रीय पुस्तकालय, जमुई | 81.41 | 2018-19 | 34.77 | - | 17.71 | - | - |
| 21 | हिमाचल प्रदेश | राजकीय जिला पुस्तकालय, बिलासपुर | 86.87 | 2018-19 | 15.00 | 59.67 | - | - | - |
| 22 | उत्तराखंड | राजकीय जिला पुस्तकालय, सुमन पुस्तकालय, नई टिहरी | 86.20 | 2018-19 | - | 25.00 | 25.00 | - | - |
| 23 | हरियाणा | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, अंबाला कैंट. | 223.00 | 2021-22 | - | - | 122.65 | - | 100.35 |
| 24 | हरियाणा | जिला पुस्तकालय, नारनौल | 84.00 | 2021-22 | - | - | 46.20 | - | - |
| 25 | जम्मू और कश्मीर | गनी मेमोरियल यूटी सेंट्रल लाइब्रेरी, श्रीनगर | 223.00 | 2021-22 | - | - | 100.00 | - | 123.00 |
| 26 | केरल | राज्य सार्वजनिक पुस्तकालय अनुसंधान केंद्र | 37.50 | 2021-22 | - | 18.77 | 3.79 | - | - |
| 27 | सिक्किम | सिक्किम राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, गंगटोक | 217.20 | 2021-22 | - | - | 65.30 | 151.90 | - |
| 28 | सिक्किम | जिला पुस्तकालय, मंगन | 86.58 | 2021-22 | - | - | 10.78 | 75.80 | - |
| 29 | जम्मू और कश्मीर | जिला पुस्तकालय, साम्बा | 32.50 | 2021-22 | - | - | - | 32.50 | - |
| 30 | गुजरात | राजकीय जिला पुस्तकालय, भावनगर, गुजरात | 87.00 | 2022-23 | - | - | 87.00 | - | - |
| 31 | बिहार | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, हाजीपुर, वैशाली, बिहार | 87.00 | 2022-23 | - | - | - | 50.00 | - |
| 32 | हिमाचल प्रदेश | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, सोलन, हिमाचल प्रदेश | 223.00 | 2022-23 | - | - | - | 95.00 | 128.00 |
| 33 | मणिपुर | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, इम्फाल | 218.87 | 2022-23 | - | - | 45.25 | - | 173.62 |
| 34 | मणिपुर | जिला पुस्तकालय, इम्फाल | 85.53 | 2022-23 | - | - | 1.00 | - | 84.54 |
| *35* | मेघालय | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, शिलांग | 223.00 | 2023-24 | - | - | - | 100.00 | 123.00 |
| 36 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, पोर्ट ब्लेयर | 223.00 | 2023-24 | - | - | - | 223.00 | - |
| 37 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | जिला पुस्तकालय, कार निकोबार | 87.00 | 2023-24 | - | - | - | 87.00 | - |
| 38 | लक्षद्वीप | राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, कावरत्ती | 168.00 | 2023-24 | - | - | - | 88.00 | 80.00 |
| 39 | लक्षद्वीप | जिला पुस्तकालय, कडमत | 27.64 | 2023-24 | - | - | - | 27.64 | - |
| 40 | मेघालय | जिला पुस्तकालय, तुरा | 87.00 | 2023-24 | - | - | - | - | 87.00 |
| *41* | दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव | केन्द्रीय पुस्तकालय, दमन | 223.00 | 2023-24 | - | - | - | - | 223.00 |
| 42 | दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव | जिला पुस्तकालय, दीव | 87.00 | 2023-24 | - | - | - | - | 87.00 |
| 43 | चंडीगढ़ | टीएस राज्य केंद्रीय पुस्तकालय | 164.50 | 2023-24 | - | - | - | 164.50 | - |
| 44 | चंडीगढ़ | डिविजनल लाइब्रेरी (दक्षिण) | 82.72 | 2023-24 | - | - | - | 82.72 | - |

*****